संख्या-17/ 869/63-व0उ0-2016-40(एच)/2015

प्रेषक,

हरिशंकर भट्ट,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

आयुक्त एवं निदेशक,
हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग,
उ0प्र0 कानपुर।

हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग अनुभाग — लखनऊ : दिनांक 14 जुलाई, 2016

विषय:- हथकरघा बुनकरों को विद्युत दर में छूट की प्रतिपूर्ति उपलब्ध कराये जाने हेतु वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

क़पया उपर्युक्त आपके पत्र सं0-258/ह0क0-सह0अनु0/2016-17 दिनांक 29.06.2016 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 में हथकरघा बुनकरों को विद्युत दर में छूट की प्रतिपूर्ति उपलब्ध कराये जाने की योजना हेतु रू0 5.00 करोड़ (रूपया पॉचव करोड़ मात्र) की वित्तीय स्वीकृति श्री राज्यपाल प्रदान करते हैं।

2- उक्तर प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि का व्यय किसी अन्य मद में नहीं किया जायेगा। आयुक्त एवं निदेशक, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग, उ0प्र0 कानपुर हथकरघा बुनकरों की परिक्षेत्रवार सूची के अनुपात में धनराशि उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 लखनउ को अवमुक्त करेंगे तथा इसी योजनान्तर्गत गत वित्तीय वर्ष 2015-16 में स्वीक़त धनराशि की कम से कम 60 प्रतिशत धनराशि के उपयोगिता प्रमाण-पत्र भी उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 से प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे।

3- उपरोक्तानुसार स्वीक़त धनराशि शासनादेश सं0-768/63-व0उ0-2016-40(एच)/2015 दिनांक 10.06.2016 द्वारा प्रख्यापित गाइडलाइन्स के प्रस्तर-1.5 में उल्लिखित व्यवस्थानुसार व्यय कर उसका उपयोगिता प्रमाण-पत्र उक्त शासनादेश दिनांक 10.06.2016 के प्रस्तर-1.6 के अनुसार यथासमय शासन के सम्बन्धित विभागों को उपलब्ध कराया जायेगा। उक्त धनराशि का सदुपयोग सुनिश्चित करने का पूर्ण उत्तरदायित्व आयुक्त एवं निदेशक, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग, उ0प्र0 कानपुर तथा प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, लखनऊ का होगा।

4- प्रस्रत-1 में स्वीक़त धनराशि रू0 5.00 करोड़ (रूपया पॉच करोड़ मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 के आय-व्यय की अनुदान संख्या-6 (आयोजनागत) के अधीन लेखाशीर्षक-राज्स्व लेखा-2851-ग्राम तथा लघु उद्योग-108-बिजली हथकरघा उद्योग-05-हथकरघा बुनकरों को विद्युत दर में छूट की प्रतिपूर्ति-27-सब्सिडी के नामे डाला जायेगा।

5- उक्त व्यय वित्त विभाग के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1/2016/बी-1-746/दस-2016-231/2016 दिनांक 22.03.2016 में वर्णित दिशा निर्देशों के अन्तर्गत प्रदत्त व्यवस्थानुसार किया जायेगा।

भवदीय,

(हरिशंकर भट्ट)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या- 869(1)/63-व0उ0-2016, तद्दिनांक-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार, (लेखा परीक्षा) प्रथम, उ0प्र0 इलाहाबाद।

2- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, अशोक मार्ग, लखनऊ।

3- निदेशक (वित्त), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, अशोक मार्ग, लखनऊ।

4- प्रबन्ध निदेशक, पूर्वान्चल/मध्यांचल, विद्युत वितरण निगम लि0, वाराणसी/लखनऊ।

5- मुख्य अभियन्ता, नियन्त्रण एवं अनुश्रवण इकाई (वित्तीय), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, चतुर्थ तल, शक्ति भवन, अशोक मार्ग, लखनऊ।

6- विशेष सचिव, ऊर्जा अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन।

7- वरिष्ठ कोषाधिकारी, कानपुर नगर।

8- निदेशक, वित्तीय सांख्यिकी निदेशालय, 125 जवाहर भवन, लखनऊ।

9- वित्त (व्यय नियन्त्रण) अनुभाग-6/वित्त (बजट) अनुभाग-4/नियोजन अनु0-4

10- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(हरिशंकर भट्ट)
उप सचिव।

http://shasandesh.up.nic.in